# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक एसओजी श्री एम0पी0 त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सर्विलांस की टीम ने खोये हुए मोबाइल को खोजकर मोबाइल स्वामी को सकुशल सुपुर्द किया।

विवरण-

दिनाँक 19.07.2025 को आवेदिका डोली सेन पुत्री रामनाथ सेन निवासी राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा CEIR पोर्टल पर शिकायत की गयी कि उनका मोबाइल फोन गलती से कोतवाली कर्वी क्षेत्र में कही खो गया है। उपरोक्त लड़की अपनी एम0ए0 की शिक्षा पूर्ण कर वर्तमान में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर कोर्स कर रही है। पोर्टल पर सूचना के 24 घण्टे के अन्दर सर्विलांस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मोबाइल को सकुशल लड़की को सुपुर्द किया।

लड़की डोली द्वाराद्वारा चित्रकूट पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

**(4).**आज दिनाँक 20.07.025 को वामा सारथी" उ0प्र0 पुलिस फैमिली वैलफेयर एसोसिएशन उ0प्र0 के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की धर्मपत्नी अध्यक्ष वामा सारथी जनपद चित्रकूट श्रीमती सीमा सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद की धर्मपत्नी सदस्य वामा सारथी जनपद चित्रकूट जोहरा जमाल की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट में वृक्षारोपण किया गया।

जिसमें अध्यक्ष वामा सारथी जनपद चित्रकूट श्रीमती सीमा सिंह द्वारा सिन्दूर के पौधे को लगाया गया साथ ही उन्होने उपस्थित समस्त महिला पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवारीजनों को बताया कि वृक्षारोपण केवल एक पेड़ लगाने का कार्य नही हैं,बल्कि यह जीवन को संवारने और पर्यावरण को बचाने का कार्य करता है यदि हम सभी मिलकर बहुत पड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करते है तो हमारी भावी पीढ़ी को दिया जाने वाला यह सबसे अनमोल उपहार होगा। पेड़ हमें संजीवनी के रूप में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हर एक पौधा एक जीवन की तरह होता है, जिसे लगाकर उसका पालन-पोषण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें ताकि ये वृक्ष बनकर आने वाले समय में जनपद को हरित व स्वच्छ बनाए रखें।

इस दौरान प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश कुमार समाधिया,आरक्षी अजय वर्मा सहित न्यायालय सुरक्षा व अभियोजन में नियुक्त महिला आरक्षी मौजूद रहे।

**(5).** आज दिनाँक 20.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा सर्कल राजापुर के समस्त थानो के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया अर्दली रूम में विवेचकों से लंबित विवेचना पर विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

अर्दली रुम में को दौरान थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री पंकज तिवारी,प्रभारी राजापुर श्री यदुवीर सिंह व अन्य विवेचकगण उपस्थित रहें।

**(6).**आज दिनांक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त थानों में साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ साइबर अपराध के प्रति जागरुकता के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक श्री निशिकांत राय, आरक्षी प्रशांत कुमार व आरक्षी सर्वेश कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को बताया गया कि आधुनिक युग में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हो रही है इनमें से एक नवीन तथा तेजी से बढ़ता अपराध है डिजिटल अरेस्ट, जो हाल के वर्षों में भारत में मुख्य रूप से चर्चा का विषय बन गया है। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसी धोखाधड़ी है जिसमें साइबर अपराधी स्वयं

को पुलिस, सी०बी०आई०, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), एन०सी०बी० या अन्य सरकारी अधिकारियों के रूप में ऑनलाइन प्रस्तुत करके लोगों को डराता हैं और उनसे रूपयों की ठगी करता है। इस साइबर अपराध में स्कैमर्स लोगों को पैसे ट्रान्सफर करने या संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए नकली गिरफ्तारी वारंट, मनगढ़ंत सबूत और मनोवैज्ञानिक दबाव (मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स तस्करी या अन्य गंभीर अपराध) बनाकर उसे "डिजिटल रूप से गिरफ्तार" किये जाने का भय दिखाता है।

डिजिटल अरेस्ट अपराध की कार्य पद्धतिः

1. साइबर अपराधी पुलिस, सी०बी०आई०, 1.एन०सी०बी०, एयरपोर्ट अधिकारी या साइबर क्राइम इकाइयों से होने का दावा करते हुए फोन कॉल, व्हाट्सएप मैसेज या ईमेल के माध्यम से संपर्क करते हैं।

2. वे पीड़ित पर मनी लॉन्ड्रिंग, अवैध लेनदेन करने जैसे तस्करी (Drugs) अपराधों में सम्मिलित होने का आरोप लगाते हैं।

3. साइबर अपराधी पीड़ितों को यह विश्वास दिलाने के लिए आधिकारिक दिखने वाले दस्तावेज़, स्क्रीनशॉट या यहाँ तक कि डीपफेक वीडियो भी भेजते हैं।

4. फर्जी थाने/कोर्ट आदि के Fake Getup का प्रयोग करते हैं।

तत्पश्चात वे जुर्माना या "जमानत राशि" का भुगतान न किए जाने पर तुरंत कानूनी कार्यवाही, जिसमें गिरफ़्तारी भी शामिल है, की धमकी देते हैं।

साथ ही बैठक में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियो को बताया गया कि किसी भी प्रकार कि शिकायत जिसका सम्बन्ध साइबर अपराध से उसमें तत्काल कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। थानो पर आने वाले सभी शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक करें उन्हे बचाव के फ्रॉड व उससे बचाव के तरीकों से अवगत कराए।

फ्रॉड के तरीका

वर्तमान में जालसाजों द्वारा साइबर अटैक कर आम नागरिकों के गूगल अकाउंट/जी-मेल आईडी हैक किये जा रहे हैं। हैकर द्वारा जी-मेल आईडी हैक करने के बाद पीड़ित का मोबाइल नंबर और रिकवरी ईमेल आईडी चेंज कर और अन्य फर्जी मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी को अपडेट किया जा रहा है। ऐसा कर देने से पीड़ित अपने अकाउंट का पासवर्ड रीसेट नहीं कर पा रहे हैं। अकाउंट हैक हो जाने से पीड़ित को अपने मोबाइल हैंडसेट में सेव कॉन्टेक्ट्स दिखना बंद हो जाता है, क्योंकि पीड़ित अपने जी-मेल अकाउंट का एक्सेस खो चुका होता है। जीमेल आईडी हैक हो जाने की पश्चात हैकर द्वारा पीड़ित के गूगल ड्राइव पर सेव फोटो, वीडियो कॉन्टेक्ट्स आदि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही पीड़ित के गूगल अकाउंट को अन्यत्र वेबसाइट पर रजिस्टर कर अपराध कार्य करने हेतु भी उपयोग में लाया जा सकता है।

यह सावधानी रखनी है

साइबर सेल प्रभारी चित्रकूट निरीक्षक श्री निशिकांत राय एवं उनकी टीम ने बताया कि अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए अनजान नंबरों से आए हुए कॉल पर कॉलर द्वारा बताई गई बातों पर विश्वास ना करें, मोबाइल फोन में कोई भी संदिग्ध एप्लीकेशन या एपीके फाइल डाउनलोड ना करें व ही अपनी ओटीपी को अनजाने व्यक्ति से शेयर करे। ई-मेल टेक्स्ट मैसेज/व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के मैसेज में आयी नीले रंग की लिंक (यूआरएल) पर क्लिक न करें समस्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अकाउंट (जैसे गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि) पर टू-स्टेप वेरीफिकेशन ऑप्शन हमेशा इनेबल रखें। अपने गूगल अकाउंट के सिक्योरिटी कोट्स को किसी के साथ शेयर ना करें। गूगल पासवर्ड कभी भी अपना मोबाइल नंबर या अपनी जन्म दिनांक ना रखें पासवर्ड हमेशा अल्फान्यूमैरिक ही रखें।

यदि आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड/अपराध घटित होता हो जाता है तो सबसे पहले साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर साइबर पर अपनी शिकायत रजिस्टर करें।
आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण: संदिग्ध अपराधियों,असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद के नेतृत्व में थाना मानिकपुर के रानीपुर गेदुरिहा के जंगलों में कॉम्बिंग की गयी। क्षेत्राधिकारी मऊ द्वारा बताया गया कि कॉम्बिंग का उद्देश्य जनपद के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करना है,संवेदनशील इलाकों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख गैंग वार या अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम करना है साथ ही पुलिस की सक्रियता से जनता में सुरक्षा का भाव पैदा होगा।

**(7).**आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण: संदिग्ध अपराधियों,असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के नेतृत्व में थाना भरतकूप के ग्राम कोल्हा के जंगलों में कॉम्बिंग की गयी। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा बताया गया कि कॉम्बिंग का उद्देश्य जनपद के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करना है,संवेदनशील इलाकों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख गैंग वार या अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम करना है साथ ही पुलिस की सक्रियता से जनता में सुरक्षा का भाव पैदा होगा।
**(8).**आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण: संदिग्ध अपराधियों,असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्री श्याम प्रताप पटेल की उपस्थिति में थाना बहिलपुरवा एवं थाना मारकुण्डी पुलिस टीम द्वारा चौरी के जंगल,रानीपुर टाइगर रिजर्व थाना मारकुण्डी कॉम्बिंग की गयी। क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा बताया गया कि कॉम्बिंग का उद्देश्य जनपद के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करना है,संवेदनशील इलाकों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख गैंग वार या अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम करना है साथ ही पुलिस की सक्रियता से जनता में सुरक्षा का भाव पैदा होगा।
**(9).**आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में श्रावण मास/कांवड यात्रा के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह एवं थानाध्यक्ष राजापुर श्री यदुवीर सिंह की उपस्थिति में थाना राजापुर पुलिस बल द्वारा कस्बा राजापुर एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।
**(10).**आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार,कावड़ यात्रा एवं आगामी अमावस्या मेला के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु परिक्रमा मार्ग ,रामघाट, निर्मोही अखाड़ा पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा

परिक्रमा मार्ग, रामघाट,निर्मोही अखाड़ा में पैदल भ्रमण कर रास्ते पर से अतिक्रमण को हटाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

भ्रमण को दौरान चौकी प्रभारी खोही श्री रमेश यादव, चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता ,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

एवं ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया। मेला क्षेत्र में लगे समस्त अधि कारी/कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने दे समय समय पर बताते रहे कि सभी श्रद्धालु सावधानी पूर्वक स्नान कर दर्शन करें।